हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 13 मई 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

4

धरमजयगढ़ में एग्री प्रोसेसिंग यूनिट, लैलूंगा में जलऔषधि और मेडिसिनल यूनिट होगी स्थापित




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप



### सिमड़ा में सुगन्ती को मिली ट्राइसाईकिल

**जशपुरनगर।** दुलदुला विकास खंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 3 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र और 1 दिव्यांग हितग्राही को ट्राइसाईकिल वितरण किया गया। इनमें ग्राम सिमड़ा के सुगन्ती तिर्की, को ट्राइसाईकिल मिला और डोम ,नूपपति और रामेश्वर साय को पेंशन स्वीकृत आदेश दिया गया। सुगन्ती तिर्की ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उनको कही आने जाने में सुविधा होगी दूसरे लोगों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

### दृष्टि बाधित बच्चों के लिए प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग, जिला जशपुर द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों के लिए संचालित शासकीय दृष्टि बाधितार्थ आवासीय विशेष प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 1 से 5 में प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश हेतु दृष्टि बाधित बच्चों के माता-पिता व अभिभावक विद्यालयीन कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची, पासपोर्ट साइज 2 फोटो लाना होगा।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से गंभीर भृत्य की गई जान

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर से घर प्रतापगढ़ जा रहे बाइक सवार भृत्य को काली घाट के समीप स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर भृत्य की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम प्रतापगढ़ दर्रीपारा निवासी अजय कुमार चौहान आ. स्व. मदन मोहन राम चौहान (29 वर्ष) सूरजपुर नागरिक आपूर्ति निगम में भृत्य के पद पर पदस्थ था और सूरजपुर में ही रहता था। 10 मई को सूरजपुर से घर जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही बाइक सवार कालीघाट मंदिर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाई 2344 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार भृत्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

## नगर पालिका के 2 वार्डों व पंचायतों के 30 पदों पर होगा चुनाव, जशपुर में उप निर्वाचन की सरगर्मी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन मई 2026 की समय-अनुसूची जारी की गई है।

आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जशपुर जिले में नगर पालिका परिषद जशपुरनगर के दो वार्डों सहित पंचायत स्तर पर विभिन्न रिक्त पदों के लिए उप निर्वाचन कराया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होते ही जिले में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और प्रशासन ने चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूची के अनुसार जशपुर जिले में नगर पालिका परिषद जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 8 एवं वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद हेतु उप निर्वाचन कराया जाएगा। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत जिले में 2 सरपंच एवं 28 पंच पदों सहित कुल 30 रिक्त पदों पर चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

### नामांकन प्रक्रिया शुरू, 18 मई अंतिम तिथि निर्धारित



#### जशपुर में प्रशासनिक तैयारियां शुरू

निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के बाद जशपुर जिला प्रशासन एवं निर्वाचन अमला सक्रिय हो गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### 18 तक कर सकेंगे नामांकन दाखिल

निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 11 मई 2026 से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। इसी दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित हुई तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। अभ्यर्थी 18 मई 2026 तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 19 मई को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) की जाएगी। वहीं अभ्यर्थी 21 मई 2026 तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी तथा चुनाव चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।

### 1 जून को होगा मतदान, 4 को परिणाम

नगरीय निकायों के लिए 1 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान 1 जून को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होगा। नगर निकाय निर्वाचन की मतगणना एवं परिणामों की घोषणा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंचायत निर्वाचन में मतदान केंद्र स्तर पर मतगणना मतदान समाप्ति के पश्चात होगी, जबकि आवश्यक हो तो खंड मुख्यालय स्तर पर मतगणना 2 जून 2026 को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। पंचायत चुनावों के परिणामों की घोषणा 4 जून 2026 को की जाएगी।

### जशपुर में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम

## होटल-लॉज में बिना आईडी कमरा दिया तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जशपुर पुलिस ने होटल और लॉज संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित अहम बैठक में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि बिना वैध पहचान पत्र और ऑनलाइन एंट्री के किसी भी व्यक्ति को होटल या लॉज में ठहराया गया तो संचालकों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कप्तान ने जिले के सभी होटल और लॉज संचालकों को छत्तीसगढ़ पुलिस की "समाधान मोबाइल एप"में अपनी आईडी जनरेट करने और होटल में रुकने वाले हर व्यक्ति की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब जिले में ठहरने वाले बाहरी लोगों की निगरानी तकनीकी माध्यम से की जाएगी, ताकि अपराधियों और संदिग्धों पर प्रभावी नजर रखी जा सके। बैठक के दौरान एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि कई बार अपराधी और संदिग्ध तत्व फर्जी पहचान या बिना दस्तावेज के होटल-लॉज में ठहरते हैं, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे में सभी संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे हर आगंतुक का पहचान सत्यापन अनिवार्य रूप से करें।

### समाधान एप में हर मेहमान की ऑनलाइन एंट्री अब अनिवार्य



#### रुकेगी बड़ी घटनाएं

पुलिस कप्तान ने होटल संचालकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध गतिविधि या बिना दस्तावेज के रुकने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। समय पर सूचना मिलने से बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बैठक में होटल-लॉज संचालकों को अपने परिसरों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने, रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने और अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा मानकों में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### नो आईडी नो रूम

उन्होंने स्पष्ट कहा कि "नो आईडी, नो रूम"का नियम अब सख्ती से लागू किया जाएगा। यदि किसी होटल या लॉज में बिना वैध दस्तावेज के व्यक्ति ठहरता पाया गया तो संबंधित संचालक सीधे कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

#### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा सहित जिले के प्रमुख होटल और लॉज संचालक मौजूद रहे। इनमें होटल निरवाना, सिद्धार्थ होटल, होटल प्रेमसुधा, होटल एनेस, सूर्य लॉज, महामाया लॉज, राजश्री होटल और सम्राट होटल के संचालक शामिल रहे।बैठक के अंत में सभी होटल और लॉज संचालकों ने जशपुर पुलिस को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और जिले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही।

## कांसाबेल थाने का आरक्षक दुष्कर्म के आरोप में घिरा

### आदिवासी विधवा शिक्षिका ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले से पुलिस विभाग को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। कांसाबेल थाना में पदस्थ आरक्षक रुद्रमणी यादव पर आदिवासी विधवा शिक्षिका ने दुष्कर्म, मानसिक प्रताड़ना, धमकी और आर्थिक शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत और जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 376(2)(एन) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसके पति की वर्ष 2020 में मौत हो चुकी है और वह अपने दो बच्चों के साथ अकेले जीवन यापन कर रही है। जनवरी 2023 में फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान आरक्षक रुद्रमणी यादव से हुई थी। शुरुआत में आरोपी ने महिला की पारिवारिक समस्याओं को सुलझाने और सहयोग करने का भरोसा दिलाया। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आरोपी ने महिला की मजबूरी व अकेलेपन का फायदा उठाया। महिला द्वारा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी आरक्षक के खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार ने कहना है कि कांसाबेल थाने में पदस्थ आरक्षक रुद्रमणि यादव को निलंबित कर उसके खिलाफ धारा 376 एवं एसटी एसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, आरोपी की पातासाजी की जा रही है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 15 से

**वाड्रफनगर।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जानकारी देते हुए गया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय वाड्रफनगर में कक्षा 6वीं में सत्र-2026-2027 में प्रवेश हेतु 15 से 31 मई तक फार्म वितरण किया जाएगा जबकि फार्म जमा करने की तिथि 1 से 10 जून तक तक निर्धारित की गई है।

## कुनकुरी में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 6 नमूने जांच को भेजे

**जशपुरनगर।** सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कुनकुरी क्षेत्र में हाट-बाजार के कारण खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने किराना दुकानों, मौसमी फल व सब्जी विक्रेताओं, गन्ना रस-जूस विक्रेताओं, होटलों, ढाबा आदि का मौके पर निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए।





व्यापारियों को हाइजीन, एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की छटनी व नष्टीकरण, पीने के पानी का सुरक्षित संग्रहण, पेस्ट कंट्रोल, फूड हैंडलर्स का मेडिकल, खाद्य लाइसेंस आदि के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

किराना और होलसेल प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता व मिलावट की शंका पर 6 खाद्य नमूने संकलित कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ⏭ शेष पेज 4 पर

## स्वीकृत स्थल बदलकर डैम निर्माण का आरोप ग्रामीणों ने जांच व निर्माण रोकने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम पंडरापाठ क्षेत्र में निर्माणाधीन डैम परियोजना को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामवासियों एवं प्रभावित किसानों ने मुख्यमंत्री तथा कलेक्टर जशपुर को आवेदन सौंपकर परियोजना में गंभीर अनियमितताओं की जांच कराने एवं निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि डैम का निर्माण मूलतः बूंदापाठ, गेउर नदी एवं घोड़ा पत्थर क्षेत्र में स्वीकृत था, लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य गेउर नदी के दुम्हान पुलिया के समीप कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस बदलाव की जानकारी न तो ग्रामसभा को दी गई और न ही ग्रामसभा से किसी प्रकार ⏭ शेष पेज 4 पर

### ग्रामीणों की जमीन डूब क्षेत्र में जाने से आजीविका पर संकट



आवेदन में कहा गया है कि निर्माण कार्य के कारण कई किसानों की कृषि भूमि डूब क्षेत्र में आ रही है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि अब तक न तो उन्हें मुआवजा दिया गया है और न ही पुनर्वास संबंधी कोई जानकारी उपलब्ध कराई गई है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र के आदिवासी समुदाय, विशेषकर पहाड़ी कोरवा समाज सहित अन्य ग्रामीण इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं और अपनी आपत्ति लगातार प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं।

### शत्रुंजय प्रताप सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

## अंबिकापुर ने भुवनेश्वर को हराकर अपने नाम किया खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में विगत 25 अप्रैल से आयोजित स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव स्मृति अंतर्राज्यीय फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य और रंगारंग समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भुवनेश्वर की एमबीएस टीम और अंबिकापुर की टीम आमने-सामने थीं।

प्रतियोगिता के समापन समारोह और फाईनल मैच के मुख्य अतिथि जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पर्यटन बोर्ड के पूव अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, जशपुर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शार्य प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, सतेन्द्र सिंह, बबलू मिश्रा, जनपद अध्यक्ष गंगा राम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अतिथियों की मौजूदगी में मैच के पूर्व रंगारंगा आतिशबाजी की गई।



फाइनल मैच में एमबीएस भुवनेश्वर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाए। जवाब में 98 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंबिकापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 ओवर में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। अंबिकापुर के खिलाड़ियों ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

आयोजन समिति यंग तिरंगा के पदाधिकारियों नितीश गुप्ता, निखिल गुप्ता, सज्जू खान, अमन चौरसिया, मन्ना गुप्ता, आकाश गुप्ता, दीपू पाठक, अतुल मूंदड़ा, राजकुमार मामा, विकास सोनी ने सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। रणजीता स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव स्मृति अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने अपने खेल से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुमला की न्यू ऑक्सफोर्ड टीम के खिलाड़ी मुरली को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मुरली ने टूर्नामेंट में बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कई मुकाबलों में अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर तिरुपति ज्वेलर्स की ओर से उन्हें पुरस्कार स्वरूप शानदार बाइक भेंट की गई। बताया गया कि मुरली आईएसपीएल के खिलाड़ी भी हैं।



## खबर संक्षेप

### अग्रसेन स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल, वॉलीबॉल संघ के सचिव राम श्रृंगार यादव, फुटबॉल कोच रामबहादुर लामा, जनप्रतिनिधि, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर व अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को खेल से जीवन में होने वाले लाभ व शारीरिक व मानसिक, स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। प्रतिभागी अपना रजिस्टर फॉर्म प्रशिक्षक के पास जमा करवाया गया।

### कमलपुर खरीदी केंद्र से 11 बोरी धान चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के कमलपुर धान खरीदी केंद्र से दो दिवस पूर्व हुए 11 बोरी धान चोरी मामले में शामिल तीन आरोपियों में से एक आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है जबकि दो आरोपी अभी फरार बताए गए हैं,पुलिस ने बताया कि कमलपुर समिति से दो दिवस पूर्व मध्यरात्रि में तीन युवकों ने 11 बोरी धान को पार कर दिया था।समिति प्रबंधक राजेश सिंह की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) का अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपियों की पता तलाश में जुटी थी।इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी युवक सूरज बाला पिता गोविंद बाला 22 वर्ष को धान विक्रय के लिए ले जाते समय पकड़ा,पूछताछ में उसने धान खरीदी केंद्र से अन्य साथी दो युवकों के साथ मिलकर ग्यारह बोरी धान चोरी की बात स्वीकार लिया, मामले में बताया कि वे धान की बोरियों को बाइक में लोड कर ले गए थे।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 बोरी धान जप्त कर आरोपित को आज सोमवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस वारदात में शामिल फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।



### मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने मां पर शीलबट्टा पत्थर से किया हमला, हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर चेरवापारा निवासी 45 वर्षीय फलेन बाई पति स्व.ईश्वर प्रसाद चेरवा का पुत्र 25 वर्षीय दिगंबर ने अपनी नशे की लत को पूरा करने घर में बिना बिना बताये छड़ बेच दिया था,जिस पर रविवार को मां ने उसको डांट फटकार की, इस बात से नाराज होकर आरोपी पुत्र दिगंबर ने घर में रखे शीलबट्टा से हमला कर बुजुर्ग माँ को गंभीर रूप से घायल कर दिया,इसके पश्चात परिजन द्वारा घायल बेवा महिला को उपचार हेतु अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है। बताया गया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ्य है और नशा सेवन करने का आदि है, मामले में पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।

### जंगल में जुआ खेल रहे 5 जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** कुदरगढ़ जंगल में हार जीत का दाव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी कुदरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि कुदरगढ़ जंगल में बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्र होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे सावांरावा निवासी रामस्वरूप सिंह आ.रामदेव (41 वर्ष), राजेश सिंह आ.नवल सिंह (22 वर्ष), ग्राम इंदरपुर निवासी कन्हैया यादव आ. शिव सम्पत यादव (27 वर्ष), ग्राम सुंदरपुर निवासी रामविलास आ.भागीरथी चेरवा (36 वर्ष) व कुदरगढ़ निवासी अंगद कुमार आ. लाल साय देवागन (29 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 22 हजार 800 रूपये जब्त किया।

### राजस्व एवं खनिज विभाग ने रेत लोड दो वाहनों को पकड़ा

**राजपुर।** क्षेत्र की महान नदी से धंधापुर, परसवार, गोपालपुर, नरसिंहपुर, चिलमा सहित दर्जनों रेत घाटों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन का खेल लगातार जारी है। रेत तस्करों द्वारा दिन-रात ट्रैक्टरों एवं अन्य वाहनों के माध्यम से खुलेआम रेत परिवहन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद राजस्व एवं खनिज विभाग हरकत में आया और धंधापुर और परसवार से रेत लोड दो वाहनों को जब्त कर बारियों चौकी में खड़ा कर दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब क्षेत्र में दर्जनों घाटों से प्रतिदिन सैकड़ों घन मीटर रेत का अवैध परिवहन हो रहा है, तब सिर्फ दो वाहनों पर कार्रवाई करना प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि महान नदी के कई घाटों पर रात के अंधेरे से लेकर दिनभर ट्रैक्टरों की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी मौके पर नजर नहीं आते जिससे रेत कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त सभी घाटों पर संयुक्त अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शासन को हो रहे राजस्व नुकसान पर रोक लग सके और नदी पर्यावरण को बचाया जा सके।

## एक सप्ताह से कल्याणपुर जंगल में मौजूद हैं 6 हाथी

# हाथियों की तबाही से सरगुजा वनमण्डल के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग दहशत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कल्याणपुर जंगल में पिछले एक सप्ताह से भ्रमण कर रहे 6 हाथियों के तबाही से आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग भारी दहशत में है। बीच जीवन गुजार रहे हैं। हाथी दिन में बस्ती एवं मुख्य मार्ग पर पहुंच जा रहे हैं तथा लगातार रबी एवं सब्जियों की फसल को तबाह कर रहे हैं। हाथियों के भय से ग्रामीण अपने खेतों में भी नहीं जा रहे हैं।

**खास बात**

- गन्ना एवं सब्जियों की फसल को कर रहे तबाह

लगातार एक पखवाड़े तक क्षेत्र में भारी तबाही मचाने के बाद हाथियों का दल अन्यत्र चला गया था तथा 20 दिनों तक इधर-उधर भ्रमण करने के बाद एक सप्ताह पूर्व ही दल वापस लौटा है। पूर्व में दल में चार हाथी थे जबकि वापस लौटने के बाद हाथियों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। हाथियों के आक्रमक स्वभाव को देखते हुए वन अमला भी सतर्कता निगरानी करने के साथ ही मुनादी करा ग्रामीणों को भी सतर्क कर रहा है। हाथी कभी दल से विभक्त होकर अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। हाथियों का दल कभी संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से सटे कुल्हाड़ी एवं सकालो जंगल में पहुंच जा रहा है तो कभी मुख्य मार्ग को पार कर हाथी कल्याणपुर जंगल से सटे घाघीटिकरा सिंचाई बांध में शाम पांच बजते ही हाथी जंगल के बाहर निकल कर मुख्य मार्ग पर पहुंच जा रहे हैं। कभी सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत कल्याणपुर जंगल एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं तो वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत सकालो एवं कुल्हाड़ी जंगल में। शहर के निकट होने के कारण वनपरिक्षेत्र अम्बिकापुर के वनकर्मी काफी सतर्कता बरत रहे हैं, लेकिन कल्याणपुर क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों की निगरानी ठीक ढंग से नहीं होने के कारण कभी भी खतरनाक स्थिति निर्मित होने खतरा बढ़ गया है। ग्राम पंचायत कल्याणपुर सहित आसपास के गांवों के किसान बड़े पैमाने पर गन्ना एवं सब्जियों की खेती करते हैं। पंसदीदा भोजन उपलब्ध होने के कारण दिन में ही हाथी बस्ती में पहुंच जा रहे हैं तथा फसलों को लगातार तबाह करने के साथ ही ट्यूबवेल, पाइप एवं ड्रिप सिस्टम को तोड़कर नष्ट कर रहे हैं। हाथियों के दिन में बस्ती के निकट खेतों में दस्तक देने से भयभीत ग्रामीण अपने खेतों में भी जाने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं जिससे खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर हाथियों का दल।

### पहुंच जा रहे मुख्य मार्ग पर

हाथियों का दल पिछले चार दिनों से शाम 4 से 5 बजे के मध्य जंगल से निकलकर अम्बिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर पहुंच रहा है। प्रतापपुर जाने का छोटा मार्ग होने के कारण सड़क पर यातायात का भारी दबाव रहता है। इस दौरान हमेशा खतरा होने का डर बना रहता है। गनीमत है कि अभी तक मार्ग पर कोई दुर्घटना नहीं हुई है। हाथियों को देखते ही यात्री अपनी वाहनों को रोक देते हैं। सड़क पर यात्रियों की हलचल देख काफी देर तक हाथी सड़क पर ही घूमते रहते हैं। इस दौरान कई बाइक सवार हाथियों की वीडियो भी बनाते हैं। इस दौरान हमेशा हथियों द्वारा हमला करने का खतरा बना रहता है। ऐसी चुनौतिपूर्ण स्थित में वन अमले की अनुपस्थिति घातक साबित हो सकती है।

### हाथी 3 ग्रामीणों की ले चुके हैं जान

हाथियों का दल 20 दिनों पूर्व ग्राम पंचायत कल्याणपुर के तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। दो दिन के भीतर हुई तीन मौतों के सदमें से अभी ग्रमीण उबरे भी नहीं हैं कि हाथियों ने दुबारा दस्तक देकर उनके लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। हाथियों ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोलतापारा, फलोरिया दोहर, कोटबहरा, घाघीटिकरा एवं वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़िपा, कुल्हाड़ी एवं सकालो में लगातार गेहूं, मक्का, मुंगफली, गन्ना, मिर्चा, खीरा, लौकी सहित अन्य फसलों को तबाह कर रहे हैं। प्रभावित किसानों का कहना है कि हाथियों द्वारा ट्यूबवेल, पाइप लाइन, ड्रिप सिस्टम एवं फसलों को नष्ट करने से लाखों की आर्थिक क्षति हुई है।

### लगातार की जा रही निगरानी

विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है साथ ही मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को भी सतर्क किया जा रहा है। वन अमला फसल क्षति का आंकलन कर रहा है।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

# जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी



जिले के जनपद पंचायत ओड़गी के तहत आने वाली ग्राम पंचायत खैरा में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हो चुकी हैं। हैरानी की बात यह है कि पंचायत सचिव सियाराम वैश्य पर आर्थिक अनियमितता के ठोस प्रमाण मिलने और जांच समिति की मुहर लगने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और प्रशासन ने मौन है।

- ग्राम पंचायत खैरा में 2.93 लाख रूपए गबन का मामला

ग्रामीणों ने सचिव द्वारा गबन किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच के लिए जिला पंचायत द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने अपनी जांच में चौंकाने वाले खुलासे किए थे, वित्तीय वर्ष 2024 -25 की कैश बुक तक संधारित नहीं की गई, वहीं सामग्री खरीदी के नाम पर 2,93,668 रूपए की भारी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बावजूद अधिकारी दोषी सचिव पर पिछले दो साल से मेहरबान है। सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरुद्ध पाया गया। जब जाँच रिपोर्ट में गबन साफ है, तो फिर की फाइल पर ब्रेक किसने लगाया यह बड़ा सवाल है। इस पूरे प्रकरण में जनपद पंचायत ओड़गी पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नियमित पंचायतों की निगरानी की जिम्मेदारी जनपद की होती है, लेकिन इतने बड़े वित्तीय खेल की भनक न लगना या जानकारी होने पर भी चुप्पी साधे रखना समझ से परे है। ग्रामीणों ने 5 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिससे दोषी सचिव के खिलाफ तत्काल आपराधिक मामला दर्ज किए जाने, .गबन की गई 2.93 लाख रुपए की राशि भू-राजस्व की तरह वसूली जाए। सेवा से बर्खास्तगी या निलंबन जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो, मामले की निष्पक्ष जांच एवं जांच से संबंधित समस्त प्रमाणित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने की मांग की है।

### दो चरणों में की गई जांच

ग्राम पंचायत खैरा में वित्तीय अनियमितता के संबंध में प्राप्त शिकायत की दो चरणों में जांच की गई है। जिला कार्यालय को कुछ बिंदुओं पर अतिरिक्त जानकारी चाहिए थी जो तैयार कर ली गई है। एक दो दिन में विस्तृत रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित कर दी जाएगी।

- मानवेन्द्र कुमार सिंह
प्रभारी सहायक अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग ओडगी

## ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम बादा निवासी प्रेम साय आ.स्व. अमर साय (62 वर्ष) ने चौकी बरियों में शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 अप्रैल को बाइक सवार दो लोग उसके घर पहुंचे और शासकीय योजना के तहत खेत मरम्मत एवं नहर निर्माण कार्य में सब्सिडी दिलाने की बात कही। दोनों ने खेत का निरीक्षण कर मोबाइल नंबर लिया और अगले दिन जेसीबी मशीन लगाकर नहर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान एक व्यक्ति स्वयं को मुंशी और दूसरा मैनेजर बताकर काम की निगरानी करता रहा। साथ ही आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि शासन की योजना के तहत कार्य कराया जा रहा है और टेंडर पास कराने के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये जमा करने होंगे, जिसमें बाद में 5 लाख रुपये की छूट मिल जाएगी। किसान को नहर निर्माण का कार्य जल्दी कराना था, इसलिए वह उनके झांसे में आ गया। आरोपियों ने किसान को बरियों क्षेत्र में अपने कथित बड़े अधिकारी से मिलवाया। वहां एक आर्टिका कार में बैठे व्यक्ति ने स्वयं को अधिकारी बताते हुए सब्सिडी और टेंडर प्रक्रिया की जानकारी दी तथा रकम जमा करने को कहा। आरोपियों ने किसान को अंबिकापुर स्थित सेंट्रल बैंक ले जाकर चेक के माध्यम से 5 लाख 50 हजार रुपये निकलवा कर राशि ले लिया और रकम लेने के बाद आरोपी रसीद लाने की बात कहकर फरार हो गए। इधर दोनों का मोबाइल बंद मिला वहीं खेत में चल रहा जेसीबी कार्य भी बंद कर मशीन गायब हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 318(2), 318(4), 61(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की और एक विशेष टीम उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले के फतेहपुर क्षेत्र रवाना की गई। पुलिस टीम ने फतेहपुर थाना क्षेत्र के नालापार दक्षिणी निवासी अंजूर खान (42 वर्ष), अमीन खान (45 वर्ष) एवं मंजूर खान (55 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी करने की बात कबूल की।

## नाबालिग की फोटो से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर कर रहा था अभद्र कमेंट, मेटा से जानकारी हासिल कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग की फोटो का उपयोग कर फर्जी इंस्टाग्राम आकाउंट बनाने और सोशल मीडिया में अभद्र कमेंट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल ली है। साइबर सेल ने आरोपी की जानकारी मेटा से मंगाकर कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि नाबालिग ने 26 अप्रैल को पुलिस से शिकायत की थी कि किसी ने उसकी फोटो का उपयोग कर इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया और फिर सोशल मीडिया में लगतार अभद्र कमेन्ट कर रहा है। इससे युवती की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। शिकायत के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा मामले में इंस्टाग्राम धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 व 12 पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया और मामले की जांच की जा रही थी। विवेचना दौरान आरोपी द्वारा उपयोग की जा रही सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट के उपयोगकर्ता एवं विस्तृत तकनीकी जानकारी साइबर सेल अंबिकापुर से हासिल की गई। साइबर एवं मेटा कंपनी से प्राप्त डिटेल अनुसार आरोपी द्वारा उपयोग की जा रही सोशल मीडिया अकाउंट में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ईमेल इत्यादि दरिमा रोड कान्तिप्रकाशपुर निवासी शिवम सिन्हा आ. नंदकेश्वर सिन्हा के नाम पर दर्ज मिला। ऐसे में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना से जुड़े फोटो एवं सोशलमीडिया अकाउंट एवं पर्याप्त साक्ष्य जब्त कर जेल भेज दिया।

# नपं शिवनंदनपुर में 15 मतदान केंद्रों के 4642 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की कार्रवाई 11 मई से प्रारंभ कर दी गई है, जो 4 जून तक चलेगी। मतदान 1 जून को संपन्न होगी, जबकि सारणीकरण एवं परिणामों की घोषणा 4 जून को की जाएगी। नगर पंचायत शिवनंदनपुर अंतर्गत आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियमावली के नियम 16 के अंतर्गत समस्त 15 वार्डों के मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 15 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से 4,642 निर्वाचक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

यहां पर वार्ड क्रमांक 1 महावीर वार्ड अंतर्गत 417 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला (कन्या) शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 2 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 259 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला बालक शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 3 अग्रसेन वार्ड के 235 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला बालक शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 4 बीरसा मुण्डा वार्ड में सर्वाधिक 443 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला (बालक) शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 5 महाराणा प्रताप वार्ड के 287 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र नगर पंचायत परिसर शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 6 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड के 244 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र भाथूपारा 1, वार्ड क्रमांक 7 डॉ. अब्दुल कलाम वार्ड के 397 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र भाथूपारा 2 शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 8 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के 233 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र सामुदायिक भवन शांतिनगर, वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानन्द वार्ड के 288 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 10 शहीद भगत सिंह वार्ड के 273 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 11 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में सबसे कम 212 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 12 गुरु घासीदास वार्ड के 226 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र शांतिनगर 1 शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 13 डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड के 412 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र तालाबपारा 1 शिवनंदनपुर, वार्ड क्रमांक 14 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के 396 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर तथा वार्ड क्रमांक 15 गुरु नानक वार्ड के 320 मतदाताओं हेतु मतदान केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के कक्ष क्रमांक 31 में स्थापित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत शिवनंदनपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल ने मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रकाशित सूची का अवलोकन कर अपने वार्ड एवं मतदान केंद्र की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें, ताकि निर्वाचन के दिन उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े,ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 11 मई सोमवार से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई, जो 18 मई तक चलेगी।

## बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को शत प्रतिशत लागू करने के निर्देश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय द्वारा अपने सभी क्षेत्रों, यूनिटों और मुख्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी प्रबंधन ने अब बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को शत प्रतिशत लागू करने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी है। जारी निर्देश के अनुसार अब कर्मचारियों का वेतन केवल बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के सैप इंटीग्रेटेड मोड के माध्यम से ही तैयार किया जाएगा। यानी कर्मचारियों की उपस्थिति, डाटा और वेतन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल निगरानी के दायरे में रहेगी,आदेश में कहा गया है कि यूनिट, प्रोजेक्ट, सब एरिया और विभाग स्तर पर जिन अधिकारियों को कर्मचारियों की उपस्थिति स्वीकृत करने का अधिकार है, वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे। साथ ही नए कर्मचारियों के ज्वाइन करते ही उनकी समय पर बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना भी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। प्रबंधन ने व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एरिया मुख्यालय और यूनिट स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। एरिया स्तर पर एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा, जो पूरे क्षेत्र में बायोमेट्रिक सिस्टम की निगरानी, समन्वय और रिपोर्टिंग करेगा। वहीं प्रत्येक यूनिट और सब एरिया में अलग से नोडल अधिकारी तैनात किए जाएंगे, जो मशीनों की नियमित जांच, तकनीकी खराबियों की रिपोर्टिंग और कर्मचारियों के डाटा अपडेट जैसे कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी बायोमेट्रिक मशीनों का हर महीने निरीक्षण अनिवार्य होगा।

# कंक्रीट नहर निर्माण में गुणवत्ता का नहीं दिया गया ध्यान, कई जगहों पर आई दरारें



निर्माणाधीन नहर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

किसानों को खेती किसानी के लिए पर्याप्ता पानी उपलब्ध हो इसे ध्यान में रखकर ग्राम भाला व विजय नगर में कंक्रीट नहर निर्माण कराया जा रहा है। नजर निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों को पानी की सुविधा उपलब्ध हो जाने की आस जगी लेकिन घटिया निर्माण ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों ने निर्माणाधीन कंक्रीट नहर निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने तथा गुणवत्तापूर्ण नहर निर्माण कराने की मांग की है।

**खास बात**

- किसानों ने की निर्माण की जांच व गुणवत्ता युक्त निर्माण कराने की मांग

जल संसाधन विभाग द्वारा भाला गिरवानी नहर परियोजना अंतर्गत करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से कंक्रीट नहर का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना से भाला और विजयनगर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परियोजना की शुरुआत से ही स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर आवाज उठाई थी। उनका आरोप है कि निर्माण के दौरान ही नहर के कई हिस्सों में क्षति दिखाई देने लगी थी, जिससे गुणवत्ता पर संदेह पैदा हुआ। पानी छोड़े जाने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो गई, जब नहर में जगह-जगह दरारें और टूट-फूट सामने आई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंक्रीट नहर निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से कंक्रीट की सही तरीके से पटाई क्योरिंग नहीं की जा रही, जिससे संरचना कमजोर हो रही है। साथ ही निर्माण में उपयोग हो रहे सामग्री भी काफी घटिया है जिससे जिस तरह से मजबूती मिलना चाहिए उस तक की मजबूती दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों और किसानों ने मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना का लाभ सही रूप से किसानों तक पहुंच सके।

### तोड़वा कर कराएंगे दोबारा निर्माण

कंक्रीट नहर निर्माण में जिन स्थानों पर दरारें आई है उसे तुड़काकर दोबारा निर्माण कराया जाएगा। संबंधित ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दे दिए गए है और कार्य में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा।

-आशीष भगत, एसडीओ जल संधाधन विभाग

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

क्षेत्र के किसान श्रणव सोनी, इफ्तेखार खान, विनीत गुप्ता और रामकुमार धुर्वे का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें की है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों के अनुसार अधिकारी केवल औपचारिकता निभा रहे हैं और समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

ग्रामीणों का कहना है कि कंक्रीट नहर निर्माण की निगरानी नहीं होने से मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक विभाग के इंजीनियर नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण नहीं करते और न ही ठेकेदार के तकनीकी कर्मचारी भी अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। ऐसे में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

## श्रीमती रेना जमील ने 11वे कलेक्टर के रूप में संभाला पदभार

# शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ मूलभूत आवश्यकताएं होंगी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में श्रीमती रेना जमील ने 11 कलेक्टर के रूप में सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर एक्शन मोड में नजर आई।

उन्होंने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को समय पर कार्य का निष्पादन करने के साथ ही फाइलों का त्वरित निपटान करने और जनसुनवाई में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों से चर्चा कर जिले में चल रहे कार्यों और अपनी प्राथमिकताओं की जानकारी दी। कलेक्टर श्रीमती जमील ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क तथा जनकेन्द्रित अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में



सम्मिलित हैं। जिले के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा बुनियादी सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों, इस दिशा में जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2026, जनगणना 2027 तको लेकर जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों तथा क्षेत्रवासियों से प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके साथ ही आम नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गयी कार्ययोजनाओं से भी पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया गया। पत्रकार वार्ता में जनगणना 2027 की अद्यतन स्थिति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में अवगत कराया गया कि सूरजपुर जिले में कुल 1505 प्रगणक (रिजर्व सहित) तथा 269 पर्यवेक्षक (रिजर्व सहित) नियुक्त किए गए हैं। जिले में निर्धारित कुल 1433 जनगणना ब्लॉकों में से अब तक 246 जनगणना ब्लॉकों में गणना कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष ब्लॉकों में कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए हैं।



# विजय के जन्मदिन पर रिलीज होगी जन नायकन

**मुंबई।** तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय की मच अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का इंतजार कर रहे फैन्स के लिए बड़ी खबर है। हाल ही में चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान फिल्म के निर्माता वेंकट के नारायण ने बताया कि 'जन नायकन' अगले 14 दिनों के भीतर रिलीज हो सकती है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में है और बोर्ड के साथ लगातार बातचीत जारी है। इसी वजह से फिल्म की रिलीज में देरी हो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म मेकर्स विजय के जन्मदिन पर 22 जून को 'जन नायकन' को रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से यह फिल्म कई कारणों से चर्चा में बनी हुई थी।

लाइफ Style



# आलिया

## कान फिल्म फेस्टिवल के लिए हुईं रवाना

कान फिल्म फेस्टिवल में इस बार कई भारतीय सितारों की मौजूदगी देखने को मिलने की उम्मीद है। इनमें आलिया भट्ट और ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर तारा सुतारिया समेत कई अन्य भारतीय सितारे भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना भी हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोमवार तड़के आलिया भट्ट को मुंबई हवाई अड्डे पर स्पॉट किया गया। इसके बाद से ही ये कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हो गई हैं। इस दौरान आलिया कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने सफेद टैंक टॉप के ऊपर काले रंग का कोट पहना था, जिसे उन्होंने डेनिम जींस और बूट्स के साथ पेयर किया था। इस बीच कान से ऑनलाइन सामने आ रहे वीडियो में आलिया की तस्वीरों वाले बड़े बैनर फेस्टिवल से पहले बिल्डिंग्स पर लगाए जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया, जेन फोंडा और वियोला डेविस सहित कई इंटरनेशनल सेलेब्स के साथ शामिल होंगी। कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए आलिया ने इस अनुभव को बेहद खास बताया। एक बयान में एक्ट्रेस ने कहा कि पिछले साल का अनुभव शानदार था। मैं इस साल एक और भी बड़े इवेंट के लिए वापस आकर वाकई में उत्साहित हूं। महिलाओं के महत्व और सशक्तिकरण का मजबूती से समर्थन किया जाता है। 12 से 23 मई तक फ्रांस में होने वाले इस कान फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत से भारत समेत कई इंटरनेशनल फिल्मी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम हमारी ताकत हो मेरी जान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के हसबैंड निक जोनस ने मदर्स डे के खास मौके पर कुछ प्यारी झलकियां शेयर की हैं। उन्होंने इस खास मौके पर वाइफ के लिए एक पर्सनल इमोशंस शेयर किया है। उन्होंने प्रियंका और उनकी बेटी मालती मैरी की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए काफी खूबसूरत कैप्शन लिखा है। निक ने लिखा है, 'तुम हमारी ताकत हो। मेरी जान, मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।' इस पोस्ट पर प्रियंका ने खुद रिएक्ट भी किया है।




# डेजर्ट वॉरियर बनी अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर के कई देश ज्यादा लागत वाली बेहतरीन फिल्में बना रहे हैं। जहां भारत में वाराणसी और रामायण जैसी बड़े बजट की फिल्में बन रही हैं। वहीं, चीन ने भी अपनी पहली अरब-डॉलर की ब्लॉकबस्टर फिल्म, 'ने जा 2' बनाई है। इसी तरह से सऊदी अरब ने भी बड़े बजट की फिल्म बनाई। इसमें हॉलीवुड के भी सितारे शामिल थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। यह इतिहास की सबसे बड़ी बॉक्स-ऑफिस फ्लॉप बन गई। नवंबर 2021 में, सऊदी की प्रोडक्शन कंपनी, एमबीसी स्टूडियो ने 'डेजर्ट वॉरियर' नाम की एक फिल्म का एलान किया। इस फिल्म का मकसद सऊदी फिल्म इंडस्ट्री में नई जान डालना था। इसको कई प्रोडक्शन हाउस ने मिलकर बनाया। इसका निर्देशन रूपर्ट वायट ने किया।



# लंबे कद की वजह से छिनी कई फिल्में

**मुंबई।** 1997 में आई फिल्म विरासत से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री पूजा बत्रा ने मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी। पूजा बत्रा कई हिंदी फिल्मों का हिस्सा रहीं। हालांकि, सफल डेब्यू के बावजूद उनका कॅरियर ज्यादा लंबा नहीं रह सका। हाल ही में पूजा बत्रा ने बताया कि उनकी लंबी हाइट के चलते भी उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। क्योंकि, अधिकांश एक्टर्स की हाइट उनसे कम थी, लेकिन उनमें ईगो इतना था कि वो हीरोइन को खुद से लंबा नहीं दिखने देना चाहते थे। इसलिए वो हीरोइनों को खुद से छोटा दिखाना चाहते थे। पूजा बत्रा ने अपने शुरुआती दौर में संगीता बिजलानी की एक सलाह को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है संगीता बिजलानी ने मुझसे कहा था, 'फिल्मों में तुम्हारा कोई चांस नहीं है, क्योंकि तुम बहुत लंबी हो'।



# डीडीएलजे को खास तरीके से किया याद...

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था।

टीवी मसाला





# किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती : रुबीना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन की जबरदस्त चर्चा हो रही है। आज ही शो का लॉन्च हुआ है, जिसमें कई नए और पुराने कलाकार एक साथ नजर आने वाले है। इस बार भी शो को रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच रुबीना दिलैक का एक बयान चर्चा में आ गया हैं, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रुबीना ने अपने बयान से ये साबित कर दिया है कि वो एक स्ट्रॉन्ग प्लेयर है। वीडियो में हर्ष गुजराल जब रुबीना से सवाल पूछते हैं कि यहां सबसे ज्यादा कंपटीटिव हैं इस गेम में, उसका क्या रीजन है? तो रुबीना बहुत ही सिंपल तरीके से जवाब देती हैं, 'मैं किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती हूं।' तब हर्ष गुजराल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'फिर ऐसा करो, आप अकेले ही अफ्रीका चली जाओ।' तब रुबीना बोलती हैं, 'आप देखोगे कि मैं अकेले ही स्टंट्स करूंगी, क्योंकि मैं खुद का कंपटीशन हूं। मैं रुबीना 2.0 हूं, क्योंकि मां बनने के बाद क्या कुछ चेंज होता है, वो शायद आप में से कोई नहीं जान सकता है।' बता दें कि 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में रुबीना दिलैक ने भाग लिया था. साथ ही अपनी मजबूत परफॉर्मेंस से टॉप 5 में जगह बनाई थीं। इसके बाद दोबारा उनकी वापसी ने फैंस को खुश कर दिया हैं और उनका ये अंदाज भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इस बार शो में रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल आदित्य सिंह, शगुन शर्मा, ओरी और अविका गौर हिस्सा ले रहे है।

## कपिल शर्मा शो पर 'साजिश' का दावा

**नई दिल्ली।** खुद का 'कॉमेडी का लाल' बताने वाले सुनील पाल भी कमाल हैं। वह हफ्ते भर में अपनी ही बात से पलट गए हैं। हाल ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के स्पेशल एपिसोड में नजर आने के बाद सोशल मीडिया पर



सुनील पाल चर्चा में आए। 2 मई को स्ट्रीम हुए एपिसोड में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शामिल थे। 'लेटेंट विवाद' के बाद सुनील पाल और समय रैना पहली बार आमने सामने थे। कई लोगों को लगा था कि एपिसोड में सुनील पाल को जान-बूझकर निशाना बनाया गया। लेकिन, तब सुनील पाल ने कहा था कि 'उन्हें कुछ बुरा नहीं लगा।' लेकिन अब एक नए पॉडकास्ट में वह बिफर गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे कपिल शर्मा पर 'समय रैना के लिए फेवरटिज्म' का आरोप लगाया। यही नहीं, 51 साल के सुनील ने अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू को भी बुरा-भला कहा है और 'साजिश' रचने का दावा किया।

# अनन्या और लक्ष्य की चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल'का ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में रोमांस, इमोशन और भरपूर ड्रामा देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर से फिल्म की स्टोरी के बारे में भी काफी कुछ हिंट मिलती है। 2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अनन्या और लक्ष्य के एक रोमांटिक सीन से होती है। लेकिन अचानक दोनों के बीच झगड़ा हो जाता है। ट्रेलर में कुछ भी नया या अलग देखने को नहीं मिलता है। वो ही पहले प्यार, फिर रोमांस, फिर झगड़ा और ड्रामा और अंत में संभवतः हैप्पी एंडिंग। ट्रेलर में स्टोरी के बारे में काफी कुछ पता चलता है। इससे इतना स्पष्ट होता है कि यह एक नॉर्मल लव स्टोरी है, जैसी कई फिल्मों में पहले भी देखने को मिल चुकी है। इस ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट में कोई खास चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे ट्रेलर में अनन्या और लक्ष्य ही नजर आते हैं। अनन्या का किरदार काफी हद तक 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' जैसा मालूम पड़ता है। उनकी एक्टिंग में भी कोई बदलाव या नयापन नजर नहीं आता। हां, लक्ष्य पहली बार इस तरह के फुल प्लेस रोमांटिक हीरो के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन ट्रेलर के गुस्से वाले और चिल्लाने वाले सीन में वो उतने प्रभावी नहीं लगते हैं।



# 'अंखियों के झरोखों से' गाना लिखने वाले गीतकार बचपन से थे दृष्टिहीन, खुद नहीं देखी दुनिया...

**नई दिल्ली।** अंखियों के झरोखों से... क्या आप सोच सकते हैं कि दिल की गहराई में उतरने वाला यह गाना जिस शख्स ने लिखा है, उसने खुद कभी दुनिया नहीं देखी? भारतीय संगीत जगत में अगर किसी ऐसे व्यक्ति का नाम पूछा जाए जिसने अपनी शारीरिक कमजोरी को ही अपनी ताकत बना लिया तो वह रवींद्र जैन हैं। जन्म से दृष्टिहीन होने के बावजूद, उन्होंने बॉलीवुड को ऐसे गाने दिए जो आज भी जगमगा रहे हैं। रवींद्र जैन को लोग दादू कहकर बुलाते थे।



### 4 साल की उम्र से सीख रहे संगीत

रवींद्र जैन का जन्म 1944 में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। उनके पिता संस्कृत के विद्वान और आयुर्वेदाचार्य थे। रवींद्र जैन जन्म से ही देख नहीं सकते थे। हालांकि, बचपन से ही रुचि संगीत में थी। उनके पिता को लगा कि रवींद्र को किसी कमी का अहसास न हो इसलिए 4 साल की उम्र में ही उनके लिए घर पर संगीत की शिक्षा की व्यवस्था कर दी। उन्होंने अलीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल से पढ़ाई की। वह मंदिरों में भजन भी गाते थे। रवींद्र संगीत सीखते रहे फिर आगे चलकर उन्होंने कोलकाता जाकर आगे की शिक्षा ली। रवींद्र जैन को लगा कि संगीत ही उनकी जिंदगी है। उन्होंने रेडियो स्टेशंस पर ऑडिशन दिए, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया।

### ऐसे हुई फिल्मों में एंट्री

रवींद्र जैन के कोलकाता वाले गुरु एक फिल्म बनाना चाहते थे। इसमें संगीत देने के लिए 1969 में वह रविंद्र जैन को अपने साथ मुंबई ले गए। इस मूवी का नाम लोरी था। 1972 में रवींद्र जैन को सौदागर फिल्म से पहचान मिली। 1975 में गोरी तेरा गांव बड़ा प्यार लोगों को खूब पसंद आया। 1978 में आई फिल्म अंखियों के झरोखों से के टाइटल सॉन्ग को रवींद्र ने ना सिर्फ लिखा बल्कि म्यूजिक भी दिया था।

### रवींद्र जैन के कुछ फेमस गाने

- अंखियों के झरोखों से
- गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा
- जब दीप जले आना
- श्याम तेरी बंसी
- गीत गाता चल
- हुस्न पहाड़ों का
- सुन साहिबा सुन
- एक राधा एक मीरा
- सजना है मुझे सजना के लिए
- कौन दिशा में लेके
- जोगी जी धीरे-धीरे
- मुझे हक है (विवाह)

## धुरंधर-2 से कर्तव्य तक, मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इन दिनों गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं।*





**धुरंधर द रिवेंज** : महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कर्तव्य** : यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**द क्रैश** : यह एक क्राइम आधारित डॉक्यूमेंट्री है। द क्रैश 2022 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें ओहियो की 17 साल की किशोरी मैकेंजी शिरिला ने जान-बूझकर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी कार एक ईंटों वाली इमारत से टकरा दी थी। इस घटना में उसके बॉयफ्रेंड डोमिनिक रूसो और उसके दोस्त डेवियन फ्लैनगन, दोनों की मौत हो गई थी। उसे 12 गंभीर अपराधों का दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 'द क्रैश' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**मार्टी, लाइफ इज शॉर्ट** : कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट पर बनी यह आगामी डॉक्यूमेंट्री, थिएटर और कॉमेडी की दुनिया में उनके शानदार और मशहूर कॅरियर को दिखाती है। यह कॉमेडी में उनके 50 साल के सफर के उतार-चढ़ाव और उनकी विरासत को दिखाती है। इस फिल्म में उनके कॅरियर के दुर्लभ फुटेज और उनके करीबी दोस्तों और सह-कलाकारों के साथ की गई खास बातचीत शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शक 12 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि मार्टिन शॉर्ट एक कनाडाई हास्य कलाकार, अभिनेता और लेखक हैं।

**एग्जाम** : यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। 'एग्जाम' सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

**इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2** : रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, शालिन भनोट, राहुल मित्रा, जाकिर हुसैन, आयशा एस. ऐमन, जोहेब फारूकी जैसे कलाकारों से सजी 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगा। यह सीरीज यूपी पुलिस के अफसर अविनाश मिश्रा की कहानी है, जो एसटीएफ के प्रमुख हैं और गैंगस्टरों को अपना निशाना बनाते हैं। यह सीरीज 15 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन** : बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन, मनी हाइस्ट का आठ-एपिसोड का स्पिन-ऑफ है। स्पेन के सेविले में सेट यह बर्लिन (पेड्रो अलोंसो) और उसकी टीम की कहानी है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक और बड़ी चोरी को अंजाम देने के लिए वापस लौटते हैं। इसे दर्शक 15 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### नव पदस्थ कलेक्टर से दिव्यांग बच्चों ने की मुलाकात

**कोसीर।** सारंगढ़ नगर के प्रांजल विशेष स्कूल के संस्था प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हिरा देवी निराला एवं स्कूल के दिव्यांगजन बच्चों ने सारंगढ़ कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे एवं नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू से सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी। वहीं सारंगढ़ पूर्व कलेक्टर कन्नौजे को उनके संस्था की ओर से उनके कार्यकाल में संस्था के हित में किए गए कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए। प्रांजल विशेष स्कूल पिछले 16-17 वर्षों से नगर में संचालित है यह संस्था दिव्यांग बच्चों का आवासीय स्कूल है जहां वर्तमान में 40 बच्चे रहकर अपने जीवन के। गुरु सिख रहे हैं वही समाज के। मुख्य धारा से उन्हें जोड़ने के लिए पढ़ा लिखाया जाता है। वे अपने परिवार से दूर आवासीय स्कूल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं के अंतर्गत संस्था को अनुदान दी जाती है जिससे यह संस्था चलती है।

### एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ती समस्या को लेकर दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** सही दवा - शुद्ध आहार – यही छत्तीसगढ़ का आधार जनजागरूकता अभियान के 13 वें दिन 9 मई को खाद्य एवं औषधि प्रशास जिला सक्ती के द्वारा स्वापक एवं मन:प्रभावी औषधियों (नारकोटिक दवाओं) तथा एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में ग्राम पंचायत जर्वे एवं जाजंग के नागरिकों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गयी।इस कार्यक्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त प्रतिमा राजपूत एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य उपस्थित रहे उनके द्वारा ग्रामीणों को नशा एवं दवा दुरुपयोग से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने के साथ शपथ दिलाई गयी।

### गुपचुप खाने से 21 लोग फूड पॉयजनिंग के शिकार

**सारंगढ़।** ग्राम पंचायत रेड़ा में रविवार की शाम गुपचुप खाने से 21 ग्रामीण फूड पायजनिंग के शिकार हो गए। जब ग्रामीणों को उल्टी होने लगी तो लोगों को डर सताने लगा। इसके बाद सरपंच को इसकी जानकारी दी गई। सरपंच ने सभी ग्रामीणों को जिला अस्पताल सारंगढ़ में इलाज के लिए भेजा। इस दौरान चार गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जहां सभी मरीजों का इलाज चल रहा है। इस घटना की सूचना मिलने पर रात में ही ग्रामीणों का हालचाल जानने कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू अस्पताल पहुंची और ग्रामीणों के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिए। वर्तमान में 4 मरीज को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ रिफर किया गया है, बाकी मरीज सामान्य है। जिन्हें एहतियात के लिए अस्पताल में ही सामान्य चेकअप और दवा दिया जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद घायल युवकों का इलाज अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सिसरिंगा निवासी मनसुखन माझी अपने दोस्त हीराधन राठिया के साथ 2 अप्रैल की रात पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बी के 4670 से खम्हार मेला देखने जा रहे थे। रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच माड़ नदी पुल के आगे बांसजोर मेन रोड पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अधोसंरचना को प्राथमिकता, वनांचल क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना पर जोर

# धरमजयगढ़ में एग्री प्रोसेसिंग यूनिट, लैलूंगा में जनऔषधि और मेडिसिनल यूनिट होगी स्थापित





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

### डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 104 करोड़ से अधिक के 392 विकास कार्यों को

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता तथा सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 104 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक की लागत के 392 विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में पिछले 30 अक्टूबर को आयोजित शासी परिषद की बैठक में स्वीकृत 150 करोड़ रुपए के कार्यों की विभागवार समीक्षा भी की गई तथा कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया एवं लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल द्वारा अपने.अपने क्षेत्र विशेषकर वनांचल क्षेत्रों में जर्जर स्कूल भवनों, आश्रम छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों की वास्तविक स्थितियों पर भी चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन भवन निर्माण तथा मरम्मत योग्य भवनों के सुधार कार्यों को वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया, जिसे चर्चा उपरांत अनुमोदन सूची में शामिल किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों के महत्वपूर्ण सुझाव को कार्यवाही विवरण में लेने के लिए निर्देशित भी किया गया। बैठक में राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुरूप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, स्वच्छता, कृषि, महिला एवं बाल विकास, मानव संसाधन, ऊर्जा तथा भौतिक अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्यक्ष उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार एवं छाल क्षेत्र शामिल हैंए जहां बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कुछ भवनों की तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने डीएमएफ से संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने एजेंडा अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा भी की। बैठक में परियोजना प्रबंधन इकाईए गौण खनिज से प्राप्त डीएमएफ राशि, अक्षय निधि, आगामी पांच वर्षों में संभावित प्राप्त राशि के आधार पर पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तथा वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में गौण खनिजों से डीएमएफ मद में 98 लाख 15 हजार 680 रुपए प्राप्त हुए हैं। इस राशि को गौण खनिज प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी एवं मूलभूत विकास कार्यों में उपयोग करने पर सहमति बनी। बैठक में रायगढ़ जिले अंतर्गत स्वीकृत गौण खनिज खदानों की तहसीलवार जानकारी भी प्रस्तुत की गई। इसमें रेत, क्वार्टजाइट, निम्न श्रेणी चूना पत्थर, डोलोमाइट, साधारण पत्थर, पोर्सेलीनाइट, फायरक्ले तथा कापू मिट्टी जैसी खदानों का उल्लेख किया गया। जिले में कुल 45 गौण खनिज खदानों की जानकारी बैठक में साझा की गई।

#### फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय से मिली परियोजनाओं की स्वीकृति

बैठक में यह भी बताया गया कि भारत सरकार के फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय से रायगढ़ जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। इसके तहत धरमजयगढ़ में एग्री प्रोसेसिंग यूनिट, लैलूंगा में जन औषधि एवं मेडिसिनल यूनिट तथा घरघोड़ा क्षेत्र में एक अन्य यूनिट स्थापित की जाएगी। इन परियोजनाओं में 40 प्रतिशत राशि भारत सरकार एवं 60 प्रतिशत राशि डीएमएफ मद से व्यय की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2025-26 तक न्यास निधि में कुल 643.79 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इनमें से 538.22 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। शेष बचत राशि 129.03 करोड़ रुपए है। वहीं आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में लगभग 125 करोड़ रुपए प्राप्त होने की संभावना व्यक्त की गई, जिसके आधार पर कुल 254.03 करोड़ रुपए की कार्ययोजना का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में हाथी विचरण प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के लिए सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार एवं छाल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को केंद्र में रखते हुए स्कूलोंए आंगनबाड़ी केंद्रोंए आश्रम.छात्रावासों तथा स्वास्थ्य केंद्रों के नवीन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया।

### दलदल में फंसने से गई हाथी शावक की जान

**रायगढ़/कुड़ेकेला।** धरमजयगढ वनमंडल के छाल वन परिक्षेत्र के ग्राम तरकेला के केराझरिया जंगल में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दलदल में फंसने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद डीएफओ, एसडीओ व हाथी मित्र दल सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौके पर पहुंच गए और शव को दलदल से निकालने का प्रयास करने लगे। सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब 3 दर्जन से अधिक हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिसमें करीब 5 से 6 शावक भी हैं। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात ग्राम तरकेला के केराझरिया जंगल के कक्ष क्रमांक 511 आरएफ में हाथियों का दल दलदल के करीब पहुंच गया। तभी यह 5 माह का शावक दलदल में बुरी तरह से फंस गया। दलदल में फंसने से शावक की मौत हो गई । सुबह जब इस बात की जानकारी वन अमले को हुई तो डीएफओ, एसडीओ सहित अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे, इस दौरान उन्हें जंगल के भीतर स्थित एक दलदल में हाथी शावक का शव मिला। शव पूरी तरह से दलदल में फंस चुका था, जिसे काफी मशक्कत करने के बाद वहां से बाहर निकाला जा सका। शव को दलदल से निकालने के बाद पंचनामा करते हुए चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शावक की उम्र करीब 5 माह बताई जा रही है। विदित रहे कि छाल रेंज के ही घोघरा डेम में करीब 4 दिन पहले ही पानी में डूबकर एक हाथी शावक की मौत हो चुकी है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब 35 हाथियों का दल विचरण कर रहा है।

## महुआ में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**जशपुरनगर।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम पंचायत महुआ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए।

शिविर में लोगों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 1077 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 163 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिसमें आम, लीची, नाशपाती एवं अमरूद के पौधे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदान किए गए। अधिकारियों ने किसानों को फलदार पौधों के महत्व तथा बाड़ी विकास के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे भविष्य में उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। शिविर में जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जनपद पंचायत बगीचा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक रहा और लोगों ने इसे जनहित की प्रभावी पहल बताया। शिविर के दौरान आधार कार्ड निर्माण एवं जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर ही अपने आवश्यक दस्तावेज बनवाए। इससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली और शासन की सेवाएं सीधे गांव स्तर पर उपलब्ध हो सकीं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में उत्कृष्ट एवं प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आगे भी मेहनत एवं लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर खुशी जताई। विधायक श्रीमती भगत ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को गांव स्तर पर सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है।



### आपदा में त्याग और अनुशासन की परंपरा है भारत की ताकतः अरुण धर

**रायगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा कि आपदा के समय देशहित में त्याग और अनुशासन की अपील करना भारत के प्रधानमंत्रियों की गौरवशाली परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल डीजल की बचत, अनावश्यक विदेश यात्रा और सोना खरीद टालने की अपील इसी परंपरा का हिस्सा है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा मोदी जी ने जो कहा है वो नाकामी नहीं, मेच्योर लीडरशिप है। 1965 में लाल बहादुर शास्त्री ने अन्न संकट में सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील की थी। 1971 में इंदिरा गांधी ने शरणार्थी संकट में राशन बचाने को कहा। 1999 कारगिल युद्ध में अटल ने राष्ट्र रक्षा कोष में दान मांगा। 2004 सुनामी में डॉ. मनमोहन सिंह ने धैर्य और एकता की अपील की। 2020 कोविड में मोदी ने दीया जलाकर सामूहिक शक्ति का अहसास कराया।

## गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें कार्य, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

- कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों की ली समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गृह निर्माण मंडल एवं सेतु विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उनके विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ तथा प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वास्थ्य अधोसंरचना से जुड़े निर्माण कार्यों, आवासीय परियोजनाओं तथा पुल-पुलियों एवं अन्य सेतु निर्माण कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने, तकनीकी मानकों का पालन करने तथा आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करें, ताकि विकास कार्यों में गति बनी रहे और आम जनता को समय पर बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक संदीप बंजारे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा है।

घटना के संबंध में पीड़िता नाबालिग ने 09 मई को अपने परिजनों के साथ पूंजीपथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि माह दिसंबर 2025 में स्कूल की छुट्टी होने पर वह अपने माता-पिता के पास पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के एक प्लांट की लेबर कॉलोनी में आई थी। उसी दौरान मकान के बगल में रहने वाले संदीप बंजारे से उसका परिचय हुआ। आरोपी ने प्रेम और शादी का झांसा देकर 26 फरवरी की दोपहर अपने कमरे में बुलाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद आरोपी कई बार बालिका को डरा-धमकाकर और किसी को नहीं बताने की बात कहते हुए उसका शोषण करता रहा। बालिका ने बताया कि माता-पिता के नहीं रहने पर आरोपी उसे अपने कमरे में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा।बीते 08 मई को आरोपी ने कंपनी के नए लेबर क्वार्टर में मिलने के लिए बुलाया था और शादी करने के बहाने बाहर चलने की बात कर रहा था। इसी दौरान परिजन खोजते हुए वहां पहुंचे और दोनों को देख लिया। जिसके बाद बालिका की लिखित शिकायत पर धारा 64(1) एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई कर दुष्कर्म एवं छेड़खानी के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 08 मई को पीड़ित युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिलासपुर की रहने वाली है। साल 2017 में मोबाइल के माध्यम से उसकी पहचान आरोपी अकबर अली से हुई थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही और आरोपी उससे शादी करने की बात करता था। पीड़िता ने बताया कि 22 अगस्त 2022 को आरोपी ने उसे रायगढ़ बुलाया और अपने एक दोस्त के घर ले जाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वर्ष 2023 में आरोपी उसे दिल्ली ले गया, जहां किराए के मकान में करीब दो वर्षों तक साथ रखा और शादी का आश्वासन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

## प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हुआ पूर्ववर्ती सरकार में खोले गए सीएम युवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला



ग्रामीण अंचल में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी केवल किताबों का केंद्र नहीं, बल्कि वह उनके सपनों, संघर्षों और भविष्य को आकार देने का स्थान बन जाती है। बरमकेला क्षेत्र में भी ऐसा ही एक केंद्र वर्षों से युवाओं के सपनों को दिशा देने का कार्य करता रहा है। पूर्व रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया सीएम यूथ सेंटर अर्थात मुख्यमंत्री युवा केंद्र कभी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी सुविधा माना जाता था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह स्थान किसी वरदान से कम नहीं था, लेकिन समय के साथ प्रशासनिक उपेक्षा और अव्यवस्था ने इस लाइब्रेरी की हालत बद से बदतर कर दी है। नए जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़ के गठन के बाद जिस प्रकार से इसकी देखरेख कम होती गई, उसी प्रकार यहां की व्यवस्थाएं भी धीरे-धीरे समाप्त होती चली गईं। आज स्थिति यह है कि कभी युवाओं की भीड़ से भरा रहने वाला यह लाइब्रेरी केंद्र अब मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करता नजर आ रहा है।

वर्तमान समय में लाइब्रेरी की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। यहां नियमित देखरेख के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त नहीं है। साफ-सफाई की व्यवस्था लगभग समाप्त हो चुकी है, जिसके कारण परिसर में गंदगी का माहौल देखने को मिलता है। सबसे गंभीर समस्या पेयजल और प्रसाधन की है। लाइब्रेरी में प्रसाधन कक्ष तो मौजूद है, लेकिन वहां पानी की व्यवस्था नहीं है। परिसर में कूलर रखा गया है, परंतु उसमें पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण वह केवल शोपीस बनकर रह गया है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को पास के तालाब से पानी लाकर कूलर भरना पड़ता है। भीषण गर्मी में पढ़ाई करने आने वाले विद्यार्थियों को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुस्तकों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। पहले जहां नई-नई प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती थीं, वहीं अब लंबे समय से नई पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। कई पुस्तकें पुरानी हो चुकी हैं और कुछ का कोई रिकॉर्ड तक नहीं है। धीरे-धीरे यहां आने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी कम होती जा रही है। विशेष रूप से छात्राओं की उपस्थिति लगभग समाप्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले यहां बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययन करने आती थीं, लेकिन प्रसाधन और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की कमी के कारण अब उनका आना बंद हो गया है। यह स्थिति केवल एक लाइब्रेरी की दुर्दशा नहीं दर्शाती, बल्कि यह बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य को किस प्रकार नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय विद्यार्थियों और पुराने अभ्यर्थियों के अनुसार कुछ वर्ष पहले तक इस लाइब्रेरी की व्यवस्था काफी बेहतर थी। यहां विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का अच्छा वातावरण उपलब्ध था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विभिन्न विषयों की पुस्तकें, समाचार पत्र और अध्ययन सामग्री उपलब्ध रहती थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## ओपी जिंदल एकेडमी में तैयार हो रही क्रिकेट की नर्सरी

**रायगढ़।** ओपी जिंदल एकेडमी घरघोड़ा में क्रिकेट की नई पौध तैयार की जा रही है। इस एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। यहां के खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्लेट कंबाइंड टीम में शामिल हैं व जिले का प्रतिनिधित्व प्रदेश की टीम में कर रहे हैं। राहुल प्रधान के प्रदर्शन के आधार पर रणजी टीम में शामिल होने की संभावना है। इस एकेडमी में न केवल लड़कों को बल्कि लड़कियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्रिकेट खेलने में रूचि रखने वाले क्षेत्र के बच्चों व युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए जिंदल पावर प्लांट तमनार के जेपीएल फाउंडेशन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त